नोएडा मेट्रो में ट्रांसजेंडर के लिए बनेगा 'शी मैन' स्टेशन

माई सिटी रिपोर्टर

परलैंगिक समुदाय (ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी) को विशेष सुविधाएं एवं रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए नोएडा मेट्रो रेल निगम (एनएमआरसी) ने अनूठी पहल की है। एक्वा लाइन के सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन को 'शी-मैन' स्टेशन में बदलने का फैसला लिया गया है। ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और आमजन को इस समुदाय के प्रति संवेदनशील बनाने के मकसद से ऐसा किया जाएगा। उत्तर भारत के मेट्रो नेटवर्क में ऐसा पहली बार होने जा रहा है।

एनएमआरसी के अनुसार 2011 की जनगणना में भारत में 4.9 लाख ट्रांसजेंडर हैं, जिनमें 30 से 35 हजार एनसीआर में रहते हैं। इस समुदाय की सहूलियत को ध्यान में रख एनएमआरसी महिलाओं को समर्पित पिंक स्टेशन की तर्ज पर 'शी मैन' स्टेशन तैयार करने की कवायद में है। जिस तरह पिंक स्टेशन में महिला कर्मचारियों को प्राथमिकता दी गई है, उसी तरह 'शी मैन' स्टेशन में ट्रांसजेंडर एनएमआरसी की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी के अनुसार ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी के लिए कार्य कर रहे स्वयंसेवी संगठनों से एनएमआरसी ने बातचीत की है, ताकि इस समुदाय की चुनौतियों और संघर्षों को समझा जा सके। नोएडा मेट्रो अपने यात्रियों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहा है, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं।

सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन

एक्वा लाइन के सेक्टर-50 स्टेशन पर सुविधाएं ही नहीं, कर्मचारी भी ट्रांसजेंडर होंगे

उत्तर भारत के मेट्रो नेटवर्क में पहली बार हो रही है अनूठी पहल

यह है मकसद

- **जन-जागरण की पहल :** एनएमआरसी अपने स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर घोषणाओं और सूचना पटल के माध्यम से यात्रियों के बीच ट्रांस समुदाय के प्रति जागरूकता फैलाने की पहल करेगा।
- **स्टाफ के बीच संवेदनशीलता बढ़ाना** नोएडा मेट्रो रेल निगम अपने स्टाफ को ट्रांस समुदाय से सौहार्दपूर्ण और संवेदनशील तरीके से व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित करेगा।
- **ट्रांस समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना :** एनएमआरसी में तैनात ठेकेदारों के माध्यम से टिकट काउंटरों और अन्य क्षेत्रों में ट्रांस समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए उचित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।